# रानपुर में आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का मंगल प्रवेश

**कोटा,** (निसं)। जैन समाज के प्रख्यात आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के परमस्नेही शिष्य आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का बुधवार को कोटा की ओर विहार अत्यंत भव्य और धार्मिक माहौल में संपन्न हुआ। विमल जैन, वर्धमान फार्म हाउस जगपुरा में आहारचर्या के पश्चात दोपहर 2.00 बजे दिव्य घोषों और गुरुदेव के जयकारों के बीच रानपुर जैन मंदिर की ओर विहार प्रारंभ हुआ।

मार्ग में स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर गुरुदेव का स्वागत किया। बूंदी से आई महिला बैंड ने जुलूस की अगवानी की, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मुनि संघ के साथ रानपुर पहुंचे। मार्ग में 21 तोरण द्वार बनाए गए, जो इस धार्मिक यात्रा की भव्यता को और बढ़ा रहे थे। रानपुर में गुरुदेव के जुलूस के आगे चकरी नृत्य कर श्रद्धालुओं ने आगमन का हर्ष मनाया। नवीन जैन ने बताया कि मार्ग में 108 थालियों में गुरु संघ का पाद प्रक्षालन किया गया।

# डॉ. सतीश पुनियां आज कोटा में

**कोटा,** (निसं)। हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओर बीजेपी राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनियाँ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर कोटा में रहेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में नजफगढ़ जिले की महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी के चलते पूनियाँ गुरुवार सुबह नई दिल्ली से ट्रेन के रास्ते कोटा आयेगें। भाजपा के कोटा शहर महामंत्री मुकेश विजय ने बताया कि सुबह 9 से 10 बजे तक सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। उसके बाद भाजपा कोटा देहात महामंत्री ललित किशोर शर्मा के केशवपुरा स्थित निवास पर जाकर उनके स्वर्गीय पिता घनश्याम शर्मा को श्रद्धांजलि देंगे। क्योंकि हाल ही में उनके पिता का निधन हो गया था।

# पशिचम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

- प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के मेनेजर व कोच की मीटिंग सम्पन्न
- पेसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर व सोम्या विश्वविद्यालय, मुम्बई के बीच होगा उद्घाटन मैच

**कोटा,** (निसं)। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, में पश्चिम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के मेनेजर व कोच की मीटिंग सम्पन्न हुई।

प्रारम्भ में विश्वविद्यालय के प्रेसिडेण्ट/कुलपति प्रो.डी.पी.तिवारी द्वारा पश्चिमी भारत से आगन्तुक एवं बैठक मे उपस्थित सभी मैनेजर्स व कोचेज का हार्दिक स्वागत करते हुए प्रतियोगिता में व प्रतियोगिता की सफलता हेतु बधाई प्रेषित की।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी आगन्तुक अतिथियों स्वागत करते हुए उनके आवास व भोजन की व्यवस्थाओं के बारे में बताया तथा सभी विश्वविद्यालयों से प्रतियोगिता की सफलता व सहयोग हेतु आव्हान किया।

प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष व कोटा विश्वविद्यालय के डायरेक्टर स्पोर्टस डॉ. विजय सिंह नें भारतीय विश्वविद्यालय संघ के खेल नियमों की व्याख्या करते हुए क्रिकेट के निर्धारित मानदण्डों के अनुसार प्रतियोगिता को आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी. मीणा ने बैठक में उपस्थित सभी खेल विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए कोटा नगर की सांस्कृतिक धरोहर चम्बल रिवर फ्रन्ट के भ्रमण हेतु प्रेरित किया व प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आये सभी को साधुवाद दिया।

आयोजन सचिव डॉ तीरथ सिंह के अनुसार अभी तक इस प्रतियोगिता में कुल 112 विश्वविद्यालयों की टोमों के भाग लेने की पुष्टि हो चुकी है तथा शुभारम्भ से पूर्व 50 से अधिक टीमे कोटा शहर में जय मीनेश विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई आवासीय स्थल पर उपस्थिति दे चुकी है।

विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी.मीणा ने बताया कि दिनांक 9 जनवरी को प्रात: 10. 30 बजे से आयोजित इस प्रतियोगिता के भव्य उद्घाटन समारोह की तैयारियों को अन्तिम रूप दे दिया गया है जिसमें ऑलम्पियन अशोक ध्यानचन्द मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। प्रतियोगिता के शुभारम्भ में पेसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर व सोम्या विश्वविद्यालय, मुम्बई के मध्य जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय खेल मैदान पर प्रथम मैच खेला जायेगा।

इसी दिवस पर कोटा विश्वविद्यालय मैदान पर हरिसिंह गौड़ केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर व महाराज सयाजी राव विश्वविद्यालय, बड़ौदा, कौटिल्य महाविद्यालय मैदान पर मुम्बई विश्वविद्यालय व मेडिकेप्स विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश तथा आरएसी ग्राउण्ड पर राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर व आईटीएम विश्वविद्यालय बड़ौदा तथा जानकी देवी क्रिकेट मैदान झालीपुरा में भारती विद्यापीठ पुणे व अवंतिका विश्वविद्यालय उज्जैन के मध्य मैच खेला जायेंगे।

## सार-समाचार

### रेलवे माल गोदाम पुनर्वास योजना में 317 भूखंड आवंटित

**कोटा,** (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण ने लंबे समय से स्थायी आवास की प्रतीक्षा कर रहे माल गोदाम श्रमिकों को नए साल का उपहार दिया है। बुधवार को आयोजित लॉटरी के माध्यम से रेलवे माल गोदाम पुनर्वास योजना के तहत 317 भूखंडों का आवंटन किया गया। रेलवे रैक पॉइंट पर कार्यरत इन श्रमिकों को अपने परिवार के साथ स्थायी ठिकाना मिल सकेगा। इसके साथ ही, मोटर मार्केट पुनर्वास योजना के तहत पिछली लॉटरी में छूटे हुए 63 मैकेनिकों को भी दुकानें आवंटित की गईं। गौरतलब है कि लम्बे समय से आवास की मांग कर रहे इन श्रमिकों के प्रतिनिधिमंडल ने दिसम्बर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट कर अपनी समस्या बताई थी। स्पीकर बिरला ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कोटा विकास प्राधिकरण को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए थे। बिरला की इस पहल पर प्राधिकरण के आयुक्त ने अधिकारियों को लॉटरी प्रक्रिया को तेजी से पूरा कर भूखंडों का आवंटन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इन निर्देशों के तहत बुधवार को केडीए परिसर में लॉटरी निकालकर भूखंड और दुकानों का आवंटन सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस अवसर पर केडीए उपायुक्त का चार्ज संभाल रहे आईएएस (प्रोबेशनर) नयन गौतम, केडीए सचिव कुशल कोठारी, निदेशक वित्त नीतू सिंह, भूमि अवाप्ति अधिकारी मालविका त्यागी, अधीक्षण अभियंता अजय शर्मा, और कलेक्ट्रेट की प्रतिनिधि धर्मा मेहरा उपस्थित रहीं।

### दो साल की सजा सुनाई

**कोटा,** (निसं)। अपर सेशन न्यायालय क्रम-3 ने बिना पासपोर्ट एवं वीजा के साथ पकड़े गये विदेशी नागरिक को दोषी मानते हुए दो साल की सजा सुनाई। अपर सेशन न्यायालय क्रम-3 के न्यायाधीश ने नाईजीरियन आरोपी को दोषी मानते हुए दो साल की सजा सुनाई एवं 20 हजार के जुर्माने से दण्डित किया। अपर लोक अभियोजक सूरज सिंह यादव ने बताया कि मार्च 2024 में दिल्ली-मुम्बई तेजस राजधानी के एसी कोच में नाईजीरियन यात्री सफर कर रहा था। पूछताछ करने पर नाईजीरियन ने टीटीई को अपना वीजा नहीं दिखाया। इसकी सूचना टीटीई ने आरपीएफ को दी। आरपीएफ पुलिस ने इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी सूचना पर जीआरपी पुलिस ने नाईजीरियन यात्री को कोटा स्टेशन पर उतार कर थाने पर लाया गया। वहीं उससे खुफिया ऐजेंसी ने भी पूछताछ की, दस्तावेजों की जांच में पुलिस को विदेशी नागरिक के पास वीजा नही मिला इसके बाद जीआरपी पुलिस ने विदेशी नागरिक के खिलाफ अपराध अन्तर्गत धारा 14-ए विदेशी अधिनियम 1946 के तहत मामला दर्ज किया था।

### अलग रह रहे दंपति साथ रहने को तैयार

**कोटा,** (निसं)। पारिवारीक न्यायालय की समझाईश से दो साल से अलग-अलग रह रहे पति-पत्नि साथ रहने को तैयार हो गये। पारिवारिक न्यायालय क्रम-2 के न्यायाधीश शिव प्रसाद तबोली की समझाईश पर दोनों पति-पत्नि साथ रहने को हुऐ तैयार। काउंसलर एडवोकेट कल्पना शर्मा ने बताया कि रामगंजमण्डी की चांदनी का विवाह कोटा के सोगरिया निवासी दीपक के साथ 11 दिसम्बर 2019 को हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही आपसी मनमुटाव के कारण चांदनी अपने पिता के घर पर रह रही थी। पत्नि से परेशान होकर दीपक कुमार ने धारा 9 में पुन: दाम्पत्य जीवन स्थापन के लिऐ न्यायालय में 16 जुलाई 2024 को प्रार्थना पत्र पेश किया था।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल के. पाटन जिला बून्दी ( राज. )**

प्रारूप-10 ( नियम 6 ( 7 ) देखिए )

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका के. पाटन**

क्रमांक:-3580-82 लोक सूचना दिनांक-8.1.2025

श्री तरुण सिंह आ. दिनेश चन्देल निवासी के. पाटन तहसील के. पाटन बून्दी (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| के. पाटन जिला बून्दी | के. पाटन | 3012/1895 रकबा 0.16 है. | केशवराय पाटन |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08.01.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के. पाटन

**खोया-पाया**

मेरे मकान नं. 3-ई-46 महावीर नगर विस्तार योजना दादाबाड़ी कोटा के मूल दस्तावेजों में मकान की रसीद, नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र आदि कोटडी के आसपास कही गिर गए है।

**पता-रघुवीर सिंह, म.नं. 3-ई-46 महावीर नगर विस्तार दादाबाड़ी कोटा, मो.नं. 9928915112**

**कार्यालय ग्राम पंचायत निपानियाँ पं.स. छबड़ा जिला बारां ( राज. )**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम निपानियाँ की आबादी ख.नं. 233/1, 345, 347/3, 347/4, 1166/1 के प्लाटों की बेचान/नीलामी की कार्यवाही मौका स्थल पर दिनांक 16.01.2025 से 20.01.2025 तक की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति ग्रा.पं. से आवेदन व शर्ते प्राप्त कर बोली लगा सकते है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत निपानियाँ, पं.स. समिति छबडा जिला-बारां

सरपंच, ग्राम पंचायत निपानियाँ, पं.स. समिति छबडा जिला-बारां

**पश्चिम मध्य रेल**

**रुचि की अभिव्यक्ति के लिए सूचना (ईओआई)**

**पश्चिम मध्य रेलवे पर रेल मालभाड़ा यातायात बढ़ाने के लिए लॉजिस्टिक्स बाजार अध्ययन और व्यवहार्य फ्रेट टर्मिनलों/ अन्य सुविधाओं की पहचान और/ या विकास के लिए परामर्श सेवाओं के चयन और नियुक्ति के लिए रुचि की अभिव्यक्ति।**

पश्चिम मध्य रेलवे पर रेल मालभाड़ा यातायात बढ़ाने के लिए लॉजिस्टिक्स बाजार अध्ययन और व्यवहार्य फ्रेट टर्मिनलों/ अन्य सुविधाओं की पहचान और या विकास के लिए परामर्श सेवाओं के चयन और नियुक्ति के लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी सलाहकारों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है।

वाणिज्यिक, तकनीकी और वित्तीय क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले इच्छुक सलाहकार उपरोक्त परामर्श कार्यों की व्यावसायिक फीस अपने बजटीय उद्धरण के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| ईओआई प्रकाशन की तिथि : 10.01.2025 | |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 10.02.2025 | |

इच्छुक सलाहकारों के आवेदन निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में हार्ड कॉपी में सहायक दस्तावेजों के साथ सीएफटीएम कार्यालय मुख्यालय / डब्ल्यूसीआर / जबलपुर में सीलबंद लिफाफे में जमा किए जा सकते हैं।

इच्छुक सलाहकार को कार्य का दायरा के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करने हेतु निविदा आमंत्रण के पूर्व मीटिंग के लिए भी आमंत्रित किया जा सकता है। सलाहकार के कार्य का दायरा और आवेदन प्रारूप प.म.रे. की वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है।

प.म.रे. बिना कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**मुख्य मालभाड़ा यातायात प्रबन्धक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांक : LU2012/KOT/2024-25/100860 दिनांक : 08.01.2025

**लोक सूचना**

श्री RAJENDRA KUMAR RATHORE पुत्र श्री RAM NARAYAN जाति TELI निवासी KHAI ROAD NAYAPURA KOTA. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गंगायचा, लाड़पुरा (कोटा) | RAJENDRA KUMAR S/O RAM NARAYAN CASTE-TELI RESI. NAYAPURA KOTA KHATEDAR | 101 | 9500 | 0.95 |
| | | | | कुल | 0.95 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 08.01.2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी, कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

# ईथॉस हास्पिटल ने अपनी चिकित्सा सेवाओं में विस्तार किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा संभाग में विश्वस्तरीय मेडिकल सेवाएं प्रदान करने वाले ईथॉस हॉस्पिटल ने अपनी सेवाओं में विस्ताार करते हुए अब वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.शिवभगवान शर्मा एवं एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ.रोहित दाधीच को जोड़ा है।

मार्केटिंग हेड अंकिता जैन ने बताया कि दोनों अनुभवी चिकित्सक ईथॉस में पूर्णकालिक सेवाएं देंगे और आपाकालीन स्थिति में 24 घण्टे मरीजों के लिए उपलबध रहेंगे। उन्होने बताया कि नए साल में 15 जनवरी से अस्पताल में डायलिसिस सेवाएं भी शुरु हो रही है। हॉस्पिटल में उच्च स्तरीय कार्डियक, न्यूरो, यूरोलोजी एवं नि:संतानता विशेषज्ञ भी अस्पताल में नियमित सेवाएं दे रहे हैं।

250 बेडेड विश्वस्तरीय ईथॉस हॉस्पिटल स्वच्छ वातावरण एवं उच्च तकनीकी उपचार मशीनों के साथ राजस्थान व मध्य प्रदेश में भी शीघ्र अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है। मार्केटिंग हेड अंकिता जैन ने बताया कि ईथॉस अपनी चिकित्सा सुविधा विस्तार करते हुए अनुभवी डाक्टरों की टीम में वृद्धि की है। वरिष्ठ अस्थि जोड़ एवं प्रत्यारोपण विशेषज्ञ एवं पूर्व प्रधानाचार्य-झालावाड़ मेडिकल कॉलेज डॉ. शिवभगवान शर्मा को 45 से अधिक वर्षों से इस क्षेत्र का अनुभव प्राप्त है। जबकि डॉ.रोहित दाधीच अनुभवी एवं एडवांस लेप्रोस्कोपिक बैरियाट्रिक एवं जनरल सर्जन हैं।

एडवांस लेप्रोस्कोपिक तकनीक से जटिल सर्जरी को कम से कम चीर-फाड़ व कम से कम रक्त स्राव द्वारा ऑपरेशन किया जाता है। सभी रोगियों को मिल रहा है आयुष्मान योजना का लाभ मार्केटिंग हेड अंकिता जैन ने बताया कि ईथॉस की उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मात्र सीमित व्यक्तियों तक ही नहीं अपितु हर आय वर्ग के मरीज ईथॉस हॉस्पिटल में चिकित्सा सुविधा पा सकता है।

# जनसुनवाई की

**कोटा,** (निसं)। राज्य दिव्यांगजन आयुक्त उमाशंकर शर्मा बुधवार को कोटा प्रवास पर रहे। उन्होंने दिव्यांगजनों की समस्याओं की सुनवाई की तथा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर दिव्यांगों के लिए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। दिव्यांगजन आयुक्त ने सर्किट हाउस में दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** — Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA


(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **भूवानी शंकर,** लोकेन्द्र शर्मा, अनिता अनिता जमानतदार : ईश्वर सिंह खाता सं. LNALO0622-230229166 | 6 जनवरी 2025 ₹ 595590/- 3 जनवरी 2025 | पट्टा नं. 42911, आदर्श विद्या मंदिर के पास, ग्राम पंचायत-डुग, पंचायत समिति-डुग, जिला-झालावाड़, राजस्थान पिन-326514 **क्षेत्रफल 1120 वर्ग फीट** |

स्थान : जयपुर दिनांक 09.01.2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड






# शातिर चैन स्नैचर को इंदौर से गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। अनंतपुरा थाना पुलिस टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शातिर चैन स्नैचर को इंदौर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि शातिर चैन स्नैचर कैलाश साल्वी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक वृत चतुर्थ मनीष शर्मा के सुपरविजन में अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये मध्यप्रदेश व राजस्थान के कई ठिकानों पर दबिश दी। शहर एसपी ने बताया की शातिर चैन स्नैचर कैलाश साल्वी की लोकेशन इंदौर होने का पता चलने पर अनंतपुरा थाने से टीम को आरोपी की तलाश के लिये इंदौर के लिए रवाना किया गया।

इंदौर मे पता करने पर पुलिस को आरोपी के बारे में पता चला कि आरोपी कैलाश साल्वी नाम बदलकर विशाल नाम से एक फैक्ट्री मे काम



पुलिस ने शातिर चैन स्नैचर को गिरफ्त में लिया।

कर रहा है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने रात्रि में फैक्ट्री पर दबिश दी तो पुलिस को देखकर आरोपी ने फैक्ट्री की दीवार को फांद कर भागने

- नाम बदलकर फैक्ट्री में कर रहा था काम
- पुलिस को देखकर भागने का किया प्रयास

का प्रयास किया।

इस दौरान आरोपी दीवार की ऊंचाई से नीचे गिर गया, जिससे उसके हाथ में चोट भी आई है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने प्राथमिक उपचार कराकर आरोपी बोम्बे योजना आरकेपुरम हाल कोली मोहल्ला मनोहर थाना जिला झालावाड़ निवासी कैलाश साल्वी (23) को इंदौर से गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अनंतपुरा, दादाबाडी, आरकेपुरम व महावीर नगर थानों में चैन स्नैचिंग की वारदातों को करना स्वीकारा है।

आरोपी ने महावीर थाना क्षेत्र में की गई चैन स्नैचिंग की वारदात में अपने साथी आशीष के साथ वारदात करना स्वीकार किया है एवं अन्य थाना क्षेत्रों स्वयं ही वारदात की है। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं चुराई हुई चैनों की बरामदगी के लिये अनुसंधान किया जा रहा है।

तरीका वारदात-शहर एसपी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आरोपी महिला को सोने की चैन पहने हुए पैदल जाते हुए देखता तो महिला के पीछे लग जाता था और मौका लगते ही झपट्टा मारकर चैन छीनकर फरार हो जाता था।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वारदात करने के बाद वह कोटा छोड़कर झालावाड़ के रास्ते मध्यप्रदेश के तरफ निकल जाता था। आरोपी ने पूछताछ में पिछले दो-तीन माह में थाना अनंतपुरा सुभाष नगर में एक, थाना दादाबाड़ी गोदावरी धाम के पास एक, आरकेपुरम क्षेत्र में एक और महावीर नगर थाना क्षेत्र में एक चैन स्नैचिंग की वारदात करना स्वीकार किया है।

## रोड सेफ्टी की शपथ दिलाई

**कोटा,** (निसं)। परिवहन विभाग, कोटा सड़क सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान पुलिस थाना दीगोद के सहयोग से गोपेश्वर टी.टी.कॉलेज कंवरपुरा एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवरपुरा दीगोद के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा माह (परवाह) के दौरान बुधवार को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई।

कोटा सड़क सुरक्षा समिति के उपसचिव भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कंवरपुरा स्थित कॉलेज में आयोजित समारोह में परिवहन निरीक्षक कोटा बनवारी लाल लोदिया, दीगोद थाना अधिकारी पुरूषोतम मेहता, कॉलेज निदेशक सोनू सनाढ्य व कॉलेज प्रधानाचार्य सुनीता हरदावत मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जिज्ञासावश कई महत्पूर्ण प्रश्नों को उठाया और उनके उत्तर जानकर संतुष्टि की। रोड़ पर पैदल चलने, दुपहिया व चौपहिया वाहनों को चलाने के संस्कारों को शपथ में शामिल किया गया।

## सार-समाचार

### डीआरएम ने व्यापारियों के साथ बैठक की

**कोटा,** (निसं)। मंडल में गुड्स ट्रैफिक फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट द्वारा विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में दिनांक 08 जनवरी को मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा की अध्यक्ष्यता में रेलवे में माल यातायात को बढ़ाने के लिए मालभाड़ा व्यापारियों के साथ के विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमे चम्बल फर्टिलाइजर एंड केमिकल लिमिटेड, मंगलम सीमेंट मोड़क, कालीसिंध थर्मल पावर झालावाड़, छबड़ा थर्मल पॉवर सहित अन्य कई फर्मों के 20 से अधिक प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। कोटा मंडल में सर्वाधिक मालभाड़ा यूरिया के माध्यम से प्राप्त होता है। खाद जैसी कमोडिटी को रेल में यातायात बढ़ाने, कम डिमांड वाले स्थानों पर सीमेंट को सड़क की बजाय रेल मार्ग के माध्यम से एवं थर्मल प्लांट से फ्लाई एश का लदान रेल के माध्यम से करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के रेल अधिकारियों के द्वारा मालभाड़ा बढ़ाने के व्यापारियों को यथासंभव सहयोग करने का प्रयास किया जाएगा। माल यातायात को बढ़ाने के लिए रेलवे द्वारा मालभाड़ा व्यापारियों को कई तरह की रियायतें/छूट एवं अन्य सुविधाएं की जानकारी दी गई। इस बैठक में विभिन्न प्रमुख फर्मों के व्यापारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विनोद कुमार मीना, मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर कुमार पटेल, मंडल परिचालन प्रबंधक आशीष रावलानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 'दादाबाड़ी को पानी भराव से राहत मिलेगी'

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के दादाबाड़ी क्षेत्र में हर वर्ष बरसात में पानी भराव की समस्या के कारण क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी होती थी। माननीय लोकसभा अध्यक्ष के संज्ञान में उक्त समस्या आने के पश्चात् उन्होंने महापौर राजीव अग्रवाल व नगर निगम कोटा दक्षिण के अधिकारियों को इस समस्या के समाधान के निर्देश दिये जाने के पश्चात् महापौर राजीव अग्रवाल ने दादाबाड़ी क्षेत्र की बंद नालियाँ/नालों की सफाई का अभियान स्वयं की निगरानी में शुरू किया गया। जो कि युद्ध स्तर पर चल रहा है। विगत 30 वर्षो में इस समस्या पर किसी का ध्यान नही गया- महापौर महापौर राजीव अग्रवाल ने बताया कि विगत 30 वर्षो में इस समस्या पर किसी का ध्यान ही नही गया। जबसे वर्तमान बोर्ड का गठन हुआ है मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता कोटा दक्षिण को स्वच्छ व सुंदर बनाने की है उसी को दृष्टिगत रखते हुये और माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विजन को ध्यान में रखते हुये सफाई पर पूरा फोकस किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। सफाई निरीक्षण के दौरान गौशाला समिति अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, पार्षद सुरेन्द्र राठौर, पार्षद प्रतिनिधी कैलाश गौतम साथ रहे।

### कार्यशाला का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। नयागाँव स्थित मोदी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और सेबी के द्वारा फाइनेंशियल लिटरेसी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ चेयरमैन सुशील मोदी, ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी, प्राचार्य डॉ विकास सोनी और एनएसई के रीजनल मैनेजर पंकज तंवर द्वारा किया गया। कॉलेज के चेयरमैन सुशील मोदी ने बताया की कि वित्तीय शिक्षा प्राप्त करना अति-आवश्यक है, इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को वित्तीय जागरूकता और प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना है। एनएसई के रीजनल मैनेजर पंकज तंवर ने विद्यार्थियों को निवेशए बजट जोखिम प्रबंधन और वित्तीय योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी ने बताया कि किस प्रकार वित्तीय निर्णय में सतर्कता और समझदारी अपना कर अपना भविष्य को सुरक्षित और आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विकास सोनी ने बताया कि वित्तीय शिक्षा युवा पीढ़ी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हमारे देश की प्रगति में एक बड़ा कदम है कार्यशाला का संयोजक पंकज जैन ने सभी का आभार प्रकट किया।

### नुक्कड़ नाटक आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मंडल रेल चिकित्सालय द्वारा 100 दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। यह जनजागरूकता अभियान के तहत दिसम्बर, 2024 से मार्च, 2025 तक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपर्णा सेन राय के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है। क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधि शामिल है। इसी कड़ी में 8 जनवरी को मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं मेडिकल स्टॉफ द्वारा रेलवे वर्कशाप कालोनी में आमजन को क्षय रोग के प्रति जागरूक करने के लिए विशाल रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिससे लोगों को क्षय (टीवी) रोग के लक्षण एवं प्रारम्भिक उपचार से संबंधित जानकारी हो सकें। इस क्षय रोग उन्मूलन अभियान को सोशल मीडिया, रेलवे स्टेशनों पर पोस्टरों, उद्घोषणा, वीडियो प्रसारण के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार कर आमजनमानस एवं यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है।

### गोवा विधानसभा अध्यक्ष ने अकलंक का दौरा किया

**कोटा,** (निसं)। अकलंक पब्लिक स्कूल कोटा में गोवा विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमेश तावड़कर का सपत्नीक आगमन हुआ। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पीयूष जैन सचिव अनिमेष जैन ने उनका स्वागत किया। उन्हे स्कूल की गतिविधि व इतिहास के बारे में बताया कि यह स्कूल आजादी के पूर्व से शिक्षा की अलख जगा रहा है। स्कूल प्रिंसिपल पंकज जैन ने उन्हें स्कूल परिसर का भ्रमण करवाया। अध्यक्ष पीयूष जैन सचिव अनिमेष जैन ने बताया कि उन्होंने संस्थान में संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों और ताड़पत्रों का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने शोध संस्थान के कार्यो के बारे में तावड़कर को अवगत कराते हुए कहा कि शोध संस्थान हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का सरंक्षण, संग्रहण एव वर्गीकरण कर उन्हे सूचीबद्ध करता है। तावड़कर ने अमूल्य धरोहरण संरक्षण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था की दिशा व प्रगति शुभकमानाएं दी। उन्होंने गोवा शिक्षण प्रणाली को अवलोकन के लिए अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के पदाधिकारियों को गोवा आमंत्रित किया।

## सार-समाचार

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों पर चर्चा



**छबड़ा** (निसं)। एसडीएम रामसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें गणतंत्र दिवस की तैयारियों, सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम गुर्जर के अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास से मनाए जाने के साथ ही परेड, पीटी सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यहां मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएषन के अध्यक्ष और राउमावि के प्रधानाध्यापक एवं पीटीआई उपस्थित रहें। वही, एसडीएम ने सडक सुरक्षा माह एक जनवरी से 31 जनवरी के तहत सडकों के गड्डे ठीक करने एवं सडक के किनारे झाडियों की साफ-सफाई करने के सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं पालिका प्रषासन को निर्देश दिए एवं वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने की पालना के लिए सीआई को निर्देषित किया।

### 'नरसेवा ही होती हैं नारायण सेवा'

**बून्दी** (निसं)। रोटरी क्लब द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेडा में जरूरतमंद विद्यार्थियों को शीत लहर को देखते हुए ऊनी वस्त्रों का वितरण तालेडा एसडीएम लक्ष्मीकांत मीणा के मुख्यातिथ्य और रोटरी अध्यक्ष महेश पाटौदी की अध्यक्षता में किया गया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर कुणाल गोस्वामी के सहयोग से विद्यालय के 100 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। साथ ही छात्रों को बैठने के लिए नरेश जिंदल द्वारा चार फर्श भेंट किए गए। संस्था प्रधान अंजना शर्मा ने आभार जताया। नर सेवा को ही नारायण सेवा बताते हुए मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत मीणा ने विद्यार्थियों से कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढाई करें और उच्च पदों पर आसीन हो। पढ़ाई के लिए जितनी मेहनत करेंगे उतनी ही सफलता मिलेगी। इस दौरान लक्ष्मी चंद गुप्ता, महेंद्र जैन हरसोरा, शिवराज पुरी, हासम भाई, नरेश जिंदल, घनश्याम जोशी, ऋतुराज दाधीच, ध्रुव व्यास, सत्यनारायण सारस्वत, असरार अहमद, राकेश सुवालका, आदित्य भंडारी, मोडूलाल वर्मा, प्रेम प्रकाश एवरग्रीन सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### 'जन्म हो या मृत्यु रजिस्ट्रेशन है जरूरी'

**बून्दी** (निसं)। जिले की सिविल रजिस्ट्रेशन प्रणाली अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अति जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर की अध्यक्षता हुआ। जिला रजिस्ट्रार जन्म.मृत्यु पंजीयन एवं उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग पूनम ढाका ने जन्म-मृत्यु पंजीयन के सम्बन्ध में संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यशाला में सांख्यिकी कार्यालय के निरीक्षक विकास सिंह हाड़ा ने सिविल रजिस्ट्रेशन प्रणाली के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए समयबद्ध एवं त्रुटि रहित रजिस्ट्रेशन के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 के माध्यम से हुए नवीन संशोधनों एवं प्रक्रियाओं के बारे में भी आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ साथ सांख्यिकी विभाग की सहायक सांख्यिकी अधिकारी रामनरी मीणा, महेश वर्मा एवं अन्य सांख्यिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### परवाज कार्यक्रम का आयोजन

**रामगंजमण्डी** (निसं)। मोबाइल की लत को छुड़ाने के लिए किए गए इस अनोखे प्रयास में छात्रों को नाटक, संगीत, लोक कलाओं और योगा से जुड़ने की ओर प्रेरित किया। इन्हीं प्रयासों के तहत मंगलम विद्या विहार कक्षा बाहरवी विज्ञान संकाय की छात्रा शीतल मेहता ने खड़ताल वादन में तहसील एवं जिला स्तर पर अपनी कला का लोहा मनवाया।इसी के अंतर्गत बुधवार को विद्यालय में परवाज़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में चयनित शीतल मेहता को प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों द्वारा अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की। शीतल 10 जनवरी को राज्य स्तरीय खड़ताल वादन प्रतियोगिता में सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में अपनी प्रस्तुति देंगी।

### अटल जन सेवा शिविर आज

**झालावाड़** (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए जनवरी माह के द्वितीय गुरूवार, 09 जनवरी को प्रात: 11 बजे पंचायत समिति अकलेरा के वीसी कक्ष में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य उपखण्डों में भी संबंधित उपखण्ड अधिकारियों की अध्यक्षता में अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन होगा। इस दौरान संबंधित तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### आज विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**रामगंजमण्डी** (निसं)। चेचट क्षेत्र के 220केवी जीएसएस मोडक पर 09 जनवरी गुरुवार को मरम्मत एवं रखरखाव कार्य होने के कारण सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।उक्त जानकारी देते हुए देवेन्द्र अजमेरा सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम चेचट ने बताया कि जिसके चलते 33केवी लाइन चेचट मदनपुरा बड़ोड़िया देवली मवासा फतेहपुर रिछडिया खैराबाद रावली देवली खुर्द व उंडवा से जुड़े सभी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।साथ ही थ्री फेज एग्रीकल्चर फीडर्स कि 6 घंटे से कम मिलने वाली फीडर्स कि आपूर्ति को रात्रि 10 बजे से पूरी की जावेगी।

### समस्या समाधान शिविर कल

**झालावाड़** (निसं)। झालावाड़ जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं विरांगनाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण के लिए शुक्रवार 10 जनवरी 2025 को प्रात: 11 बजे से सैनिक विश्राम गृह में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रविन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि सभी पेंशनर, पूर्व सैनिक एवं विरांगनाएं अपने मूल दस्तावेजों यथा डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, पहचान पत्र आदि के साथ सैनिक विश्राम गृह में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं एवं अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

# शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच व मुआवजे की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**बूंदी** (निसं)। शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में निष्पक्ष जांच एवं परिवार जनों को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता की मांग को लेकर सर्व समाज के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। इससे पूर्व श्री मत्स्य भगवान मंदिर में एकत्रित होकर शहर के प्रमुख मार्गो में विरोध जुलूस निकाला गया, जो हायर सेकेंडरी गेट के बाहर धरना स्थल पर पहुंचा।

धरना को संबोधित करते हुए मीणा समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष आनंदीलाल मीणा ने कहा कि 4 नवंबर 2024 को शहर के चौराहे पर कुछ समाजकंटक द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। लगभग

- चार नवंबर को हुई थी शिक्षक मनीष मीणा की हत्या

दो महीने बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा मनीष मीणा के माता-पिता को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं दी गई। इस मामले में मीणा समाज विकास समिति ने 5 नवंबर, 10 नवंबर, 25 नवंबर को सीएम के नाम कलेक्टर बूंदी के मार्फत ज्ञापन भेजकर मनीष मीणा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच करने एवं माता-पिता को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता मांग की गई।




शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में निष्पक्ष जांच एवं परिवार जनों को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता की मांग को लेकर सर्व समाज के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया।

इन्होंने कहा कि मीणा समाज की मांग पर कोई विचार नहीं होने से आक्रोशित होकर शुरू किया गया अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना मनीष मीणा को न्याय मिलने तक जारी रहेगा।

धरना स्थल पर गुर्जर समाज अध्यक्ष रामस्वरूप धगाल, दुर्गालाल कोली, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मिथिलेश दाधीच, रुपेश शर्मा, सत्येश शर्मा, चर्मेश शर्मा, बैरवा समाज से प्रेमशंकर बैरवा, मेघवाल समाज से महादेव मेघवाल, मुस्लिम समाज से गुड्डू कादरी, मेहरा समाज से शंभूदयाल मेहरा, हरिप्रसाद कंवरिया, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा छरकवाड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा लाडपुर, पूर्व जिला प्रमुख महावीर मीणा, सचिव रामस्वरूप मीणा पूर्व प्रधान जयकिशन मीणा, युवा जिलाध्यक्ष मुकेश मीणा, बूंदी तहसील अध्यक्ष सौभाग मीणा, संजय सिंती, रामकरण मीणा, चेतराम मीणा, पूर्व सरपंच बजरंग लाल मीणा, सत्यनारायण मीणा, रामलाल मीणा, सरपंच सुरेश मीणा, रामदत्त मीणा, लोकेश मीणा, एडवोकेट हेमराज मीणा आदि सर्व समाज के प्रबुद्ध लोगों ने मनीष मीणा को न्याय दिलाने में धन-धन मन से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप शिविर में 606 मरीजों ने उपचार के लिए पंजीयन कराया

**कोटा,** (निसं)। पंचायत समिति मुख्यालय द्वितीय स्तर का मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य मेगा (फॉलोअप) शिविर बुधवार को लाड़पुरा ब्लॉक के कैथून सीएचसी पर आयोजित हुआ।

सीएचसी प्रभारी डॉ.राजेश सामर ने बताया की शिविर का उद्‌घाटन जिला परिषद सदस्य योगेंद्र नंदवाना, मंडल अध्यक्ष हरिओम पूरी, कैथून मंडल प्रतिनिधि शंभू दयाल तंवर, सहकारी समिति सदस्य देवेंद्र शर्मा ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होने शिविर में दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। सीएचसी कैथून प्रभारी डॉ.राजेश सामर से भी शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं जांजी। डॉ राजेश सामर ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय मेगा आयुष्मान आरोग्य शिविर मे 100 दिवसीय टीबी कैंपेन अभियान के तहत सीएचसी पर एक्स-रे विभाग में एक्स-रे की जांचे एवं लेब में स्पूटम सैंपल ज्यादा से ज्यादा जांच किए जाएं। इस से कैंपेन अभियान से सकारात्मक परिणाम आ सकेगें। कैम्प में कई लाभार्थी परिवारों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। सीएचसी प्रभारी डॉ.राजेश सामर ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी कैंपेन में हाई रिस्क पापुलेशन को अधिक से अधिक कवर करने पर जोर दिया जा रहा है।

जैसे की 60 वर्ष से अधिक आयु वाले एवं तंबाकू, गुटखा खाने वाले, शराब पीने वाले ईंट भट्टे पर काम करने वाले हाई रिस्क एरिया वालों के साथ ही कैंसर पेशेंट, बीपी, शुगर इन मरीजों पर मुख्य रूप से जोर दिया जा रहा है। साथ है इनके लिए एक्स-रे एवं स्पूटम की ज्यादा से ज्यादा जांचे हो इसके लिए रूट लेवल से मरीजों को निकाल कर जांचे की जा रही है। बुधवार को कैंप में 54 मरीजों को नजर के चश्मे भी नि:शुल्क वितरित किए गए। शिविर में 606 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया था। शिविर में जनसहभागिता 978 की रही। सामान्य बीमारी के 365, दंत रोग के 34, नेत्र रोग के 74, होम्योपैथी के 29, स्त्री रोग के 62 तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से 36 मरीजों का उपचार किया गया।

शिविर में 65 आभा आईडी भी बनाई गई। शिविर में 35 बच्चों एवं महीलाओं का टीकाकरण किया गया। साथ ही 272 की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। 6 को आयुष्मान कार्ड का वितरित किऐं। टीबी के संभावित 13 व्यक्तियों के स्पुटम सैंपल लिए गए, टेलीकंसल्टेंसी से 2 मरीजों के का इलाज करवाया। इसके साथ साथ 2 मरीजों को जिला स्तर के लिए रेफर किया गया।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 को

**झालावाड़** (निसं)। आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में बुधवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे मिनी सचिवालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के आयोजन से संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने रोजगार उत्सव में आने वाले कार्मिकों के बैठने सहित पेयजल, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की माकूल व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के द्वारा कार्मिकों से संवाद हेतु लाभार्थियों को तैयार करने के निर्देश भी दिए।

## श्रीमद्भागवत कथा में सती प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हुए

**कोटा,** (निसं)। श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह अर्थ, धर्म, काम के साथ-साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है। यह उद्‌गार राधा गोविंद सेवा समिति के तत्वावधान में तलवंडी-बी सेक्टर के श्री अग्रसेन सभागार में चल रही श्रीमद्‌भागवत कथा ज्ञान रहस्य के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित स्वामी प्रियाशरण महाराज ने व्यास पीठ से व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य सोचे कि मुझे भगवान मिल जाए ए पर वह आसान नहीं, लेकिन वेद रूपी कल्प वृक्ष पर भागवत रूपी फल की इतनी विशेषता है कि प्रभु की प्राप्ति होती है। जिस तरह कोई भी व्यक्ति आम के पत्ते या तने का सेवन नहीं करता परंतु फल के रस को ग्रहण करके मनुष्य का मन तृप्त हो जाता है उसी तरह श्रीमद् भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। श्रीमद् भागवत कथा पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुये है।

# जाट समाज का स्थापना दिवस और नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

**कोटा,** (निसं)। श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट जाट समाज कोटा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ-ग्रहण समारोह गुरुवार को आयोजित होगा। इस समारोह में श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट का स्थापना समारोह भी मनाया जाएगा। यह आयोजन सुबह 11 से शुरू होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे सेवानिवृत अधिकारी व कर्मचारियों और सरकारी सेवा में नव चयनित प्रतिभागियों का सम्मान समारोह भी होगा।

इस कार्यक्रम के बाद दोपहर 1 बजे वर्ष स्नेह मिलन और दोपहर 2 बजे भामाशाह सम्मान समारोह भी होगा। श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट जाट समाज कोटा के अध्यक्ष विजय सिंह चौधरी फतेहपुर ईश्वरपुरा ने बताया कि कार्यक्रम में हाड़ौती के चारों जिले कोटा, बारां, बूंदी व झालावाड़ के अलावा अन्य प्रदेश से भी समाज के लोग आएंगे। समारोह में ही समाज की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रगति पर चिंतन मनन किया। अतिथि व मुख्यवक्ता ट्रस्ट की कार्यकारिणी और समाजबंधुओं को प्रगति के सोपान की तरफ दिशा और मार्गदर्शन देंगे। उनके मार्गदर्शन के अनुसार ही लक्ष्य बनाकर ट्रस्ट आगे कार्य करेगा। अध्यक्ष विजय सिंह चौधरी




कोटा में जाट समाज के स्थापना दिवस और नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के विषय पर जानकारी दी गई।

ने बताया कि श्रीतेजा मंदिर ट्रस्ट के चुनाव 22 सितंबर को हुए थे।

इसमें वे अध्यक्ष चुने गए थे। जबकि महामंत्री जितेंद्र चौधरी खीमच, उपाध्यक्ष नंदलाल चौधरी सोजपुर, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी गणेशखेड़ा और उप मंत्री धर्म सिंह चौधरी ठीकरिया बने थे। महामंत्री जितेंद्र चौधरी खीमच ने बताया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि बीजेपी हरियाणा के प्रभारी डॉ.सतीश पूनिया होंगे। मुख्य वक्ता गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलपति, भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और रिटायर्ड आईपीएस व पूर्व मुंबई कमिश्नर डॉ.सत्यपाल सिंह होंगे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला जज डॉ.राजेंद्र सिंह चौधरी करेंगे।

समाज गौरव के रूप में नेशनल पैरा ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष पद्‌म भूषण देवेंद्र झांझड़िया होंगे। कोषाध्यक्ष रवि चौधरी गणेशखेड़ा ने कहा कि अति विशिष्ट अतिथियों में कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सुमित गोदारा व राज्य मंत्री हीरालाल नागर होंगे। वहीं

- भामाशाह व प्रतिभाशाली विद्यार्थी भी सम्मानित होंगे

विशिष्ट अतिथियों में ईडी पूर्व निदेशक करनाल सिंह, विधायक किशनगढ़ डॉ.विकास चौधरी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी और सीएलसी कोचिंग सीकर के संस्थापक निदेशक श्रवण चौधरी मौजूद रहेंगे। सभी अतिथियों की सहमति भी मिल गई है। कोषाध्यक्ष रवि चौधरी गणेशखेड़ा ने बताया कि श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट जाट समाज कोटा की स्थापना साल 1978 में हुई थी। इसके संस्थापक सदस्य 17 सदस्य रहे थे। इसके बाद ट्रस्ट में सदस्यों की संख्या लगातार बढ़ती रही और सामाजिक सेवा में यह जाट समाज के लिए 46 साल से काम कर रही है। ट्रस्ट सामाजिक और राजनीतिक उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। अभी तक रहे समाज के सभी अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने ट्रस्ट को आगे बढ़ाने का काम किया है। वर्तमान में ट्रस्ट में हाड़ौती और अन्य क्षेत्र से 1576 आजीवन सदस्य है। कोटा में पढ़ने वाली समाज की बालिकाओं के लिए हॉस्टल ट्रस्ट संचालित कर रहा है।

